कोटपूतली। स्थानीय राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी में स्टॉफ की स्थाई ड्युटी लगवाने की मांग को लेकर अस्पताल के पीएमओ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर ने विगत 08 अक्टुबर को जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिष्णोई को पत्र लिखा था। जिस पर एसपी ने त्वरित रूप से कार्यवाही करते हुये पुलिस चौकी में स्थाई रूप से स्टॉफ की नियुक्ति कर दी हैं। उल्लेखनीय हैं कि चिकित्सालय परिसर में स्थित पुलिस चौकी में स्टॉफ नहीं होने के कारण एक्सीडेंट, एमएलसी, पीएमआर आदि में कानूनी कार्यवाही में देरी होती थी एवं परिजनां की भीढ़ उग्र होने के कारण झगढ़े की परिस्थितियां हो जाती थी व अस्पताल प्रशासन पर अव्यवस्था का आरोप लगाया जाता था। अब पुलिस चौकी में स्थाई रूप से स्टॉफ की नियुक्ति होने के बाद एमएलसी, पीएमआर आदि समेत कानूनी सम्बधिंत कार्य त्वरित रूप से सम्पादित किये जा सकेगें।

चार माह से भुगतान नहीं मिलने को लेकर किया धरना प्रदर्शन

राजगढ़। कस्बे के नगर पालिका के ठेका सफाई कर्मचारियों के तीन-चार महीने से भुगतान नहीं मिलने को लेकर पंडित भवानी सहाय स्मारक के सामने बुधवार को धरना प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। इस सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची मगर समझाइस के बाद भी सफाई कर्मचारी नहीं माने। धरना प्रदर्शन की वजह से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पढ़ा। विदित रहे कि ठेके पर लगे महिला पुरुष सफाई कर्मचारियों का वेतन पिछले तीन-चार महीने से नहीं मिलने के कारण त्योहार के मध्य परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है। इसको लेकर ठेके पर लगे महिला पुरुष सफाई कर्मचारियों ने प्रमुख मार्गो में रैली निकालकर पंडित भवानी सहाय शर्मा स्मारक के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस वजह से कस्बे में दो दिन से सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पढ़ा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जगदीश खींचढ़ ने बताया कि सफाई कर्मचारियों के भुगतान के बिल ट्रेजरी में भेजे हुए हैं। ई सी एस स्तर पर शीघ्र भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ एक-दो दिन में हो जाएगा।

‘पथ संचलन सामाजिक समरसता व अनुशासन का प्रतीक’

सांभरझील। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का निकाले जाने वाला पथ संचलन सांभर शहर की युवा शक्ति के लिए खास आकर्षण का केंद्र होगा। नेशनल यूथ अवार्डी पवन कुमार मोदी ने सभी युवा वर्ग व हर समाज के लोगों को इसमें पार्टिसिपेट किए जाने का अनुरोध किया है, उन्होंने कहा कि कुछ संचलन सामाजिक एकता का तो प्रतीक है ही साथ ही इससे राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना भी स्वत: ही मन में स्फुटित होती है। सांभर नगर के पूर्व कारवां विजय प्रजापति ने सभी से अपील करते हुए कहा कि पथ संचलन स्वयंसेवकों के लिए एक शारीरिक व्यायाम ही नहीं बल्कि इससे बौद्धिक विकास भी चरम पर पहुंचता है। नगर कारवां सत्यम पारीक ने पथ संचलन को एक अनुशासन में जीने की खास अनुभूति बताते हुए कहा कि इससे एकता और संयम भली भाती परिलक्षित होती है। जुझारू स्वयंसेवक मनीष सूंठवाल बताते हैं कि एकजुटता का संदेश और सामाजिक समरसता इसका मुख्य उद्देश्य है लेकिन राष्ट्र की भावना सर्वोपरी होती है। बताया गया कि पथ संचलन नीम रोड स्थित दशहरा ग्राउंड से पदाधिकारियों के उद्बोधन के पश्चात परंपरागत तरीके से निर्धारित मार्गो से निकला जाएगा जिसमें स्वयं सेवकों की ओर से अपना शारीरिक व्यायाम व अन्य कलाओं का प्रदर्शन भी खास होगा।

मिष्ठान भंडार एवं अन्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

पावटा। कोटपूतली सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक डॉ. टी. शुभमंगला, जिला कलेक्टर कोटपुतली बहरोढ़ प्रियंका गोस्वामी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटपुतली बहरोढ़ डॉ. ओमप्रकाश सहारण के निर्देशन में आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए पावटा के बस स्टैंड पर स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार के गोदाम का निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटपुतली बहरोढ़ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि उक्त गोदाम से कलाकंद एवं मिश्री मावा का सैंपल लिया गया एवं निरीक्षण करने पर परिसर में साफ सफाई नहीं पाए जाने के कारण सुधार का नोटिस दिया गया। साथ ही पावटा के शनि मंदिर के पास स्थित मातेश्वरी ट्रेंडिंग कंपनी के गोदाम का निरीक्षण किया गया एवं घी (मातुला ब्रांड) का सैंपल लिया गया एवं प्रथम दृष्टया मिलावटी घी की आशंका होने पर 72 किलो घी को सीज किया गया। पावटा के बीकानेरी रसगुल्ला भंडार से रसगुल्ला एवं सांवरा बीकानेरी रसगुल्ला भंडार से रसगुल्ला का सैंपल लिया गया साथ ही सफाई संतोषजनक नहीं पाने पर सुधार नोटिस दिया गया। उक्त सैंपलों को प्रयोगशाला जयपुर में भिजवाया गया एवं जांच रिपोर्ट आने पर एफएसएसए एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

अस्पताल के मुख्य द्वार पर अवैध पार्किंग

फुलेरा। जोबनेर रोड स्थित उपजिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार के सामने अवैध पार्किंग से इलाज के लिए आने वाले रोगीयो व उनके परिजनों को भारी असुविधा उठानी पड रही है। यह नहीं है कि इस चिकित्सालय परिसर मे पार्किंग सुविधा नही है, यहाँ पर आने वाले प्रति दुपहिया वाहन के लिए मात्र दस रूपये निर्धारित है। लेकिन अधिकांश वाहन चालक को दस रूपये की राशि जेब पर भारी लगती है। वह दस रूपये बचाने के लिए अपना वाहन अस्पताल के मुख्य द्वारा के सामने खडा करके चले जाते है। इससे आपातकाल के लिए आने वाली एम्बुलेंस तो क्या पैदल चलने वालो तक के लिए रास्ता नहीं रहता है। वहीं पार्किंग व्यवस्था मे लगे ठेकेदार का कर्मचारी का कहना है कि वह प्रत्येक वाहन की पुरी सर्तकता चोकीदारी करने के बावजूद भी अपने पैसे बचाने के चक्कर में मुख्य प्रवेश द्वार के सामने वाहनों को खड़ा कर देते हैं, जिसके कारण अस्पताल में आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पढ़ता है।

एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

कोटपूतली। यहां के राजकीय सरदार जनाना अस्पताल परिसर में बुधवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय तम्बाकु नियंत्रण, फायर सेफ्टी, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सवाईकल कैंसर स्क्रीनिंग व आपातकालीन जीवन रक्षक हेतु सीपीआर का प्रषिक्षण दिया गया। इस मौके पर विधायक हंसराज पटेल, एसडीएम बृजेष कुमार चौधरी, सीएमएचओ डॉ. आषीष सिंह शेखावत व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयराम सिंह गुर्जर ने स्वास्थ्यकर्मियों व आमजन को सम्बोधित किया। विधायक पटेल ने कहा कि नषा मुक्त अभियान चलाकर युवाओं व आमजन को नषे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुये उन्हें नषा नहीं करने के बारे में प्रेरित किया जावें। उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थाओं में अग्निषमन उपकरण की उपलब्धता सुनिष्चित करने की बात कही। साथ ही कहा कि प्रत्येक कार्मिक को फायर सेफ्ट का प्रषिक्षण दिया जायें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सकें।

325 किलो सोन पपड़ी को किया सीज

टोंक। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। कार्यवाही के दौरान चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर के नेतृत्व में टीम ने रिद्धि सिद्धि एजेंसी मालपुरा के गोदाम पर छापा मारकर सोन पपडी भगवती ब्रांड का नमूना लेकर शेष बचे हुए लगभग 325 किलोग्राम सोन पपडी को जांच रिपोर्ट आने तक नियमानुसार सीज कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु सुपुर्दगी दी गई। उक्त सोन पपडी भगवती ब्रांड की पैकिंग पर निर्माण तिथि, उपयोग में लेने की तिथि व बैच नंबर अंकित नहीं होने के कारण एक्ट के अंतर्गत नियमानुसार सीज किया गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने के लिए आए 36 दावेदार

अलवर । कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने के 36 दावेदार हैं। इनके आवेदन ऑब्ज़र्वर सलीम अहमद के पास आ चुके हैं। अब इनमें से 6 नेताओं की फाइल दिल्ली तक जाएगी। इसके बाद दिल्ली में बढ़े नेता रायशुमारी कर एक को जिलाध्यक्ष बनाएंगे। जिलाध्यक्ष वही बनेगा, जिसके लिए सबसे अधिक कार्यकर्ताओं ने राय दी है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बिचून

पंचायत समिति मौजमाबाद, जिला जयपुर (राज.)

क्रमांक : 202 दिनांक : 14.10.2025

आपत्ति आमंत्रण (नोटिस) सूचना

एततद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिचून पंचायत समिति मोजमाबाद के बीपीएल, घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु, विमुक्त, भूमिहीन, भेडपालक, गाडिया लुहार, अनु. जाति, अनु. जन जाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पात्र परिवारो को आबादी भूमि ग्राम बिचून के बालाजी विहार कोलोनी खसरा न0 1483/579 गै.मु. आबादी (वरिष्ठ नगर नियोजक) जयपुर जॉन, राजस्थान जयपुर द्वारा अनुमत लेआउट प्लानमें से निम्नांकित पात्र परिवारो को भूखण्ड आवंटन/पटटा दिया जाना प्रस्तावित है।

ग्राम पंचायत बिचून द्वारा बीपीएल,घुमन्तु,अर्द्धघुमन्तु,विमुक्त,भूमिहीन,भेडपालक,गाडिया लुहार,अनु.जाति,अनु. जन जाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पात्र परिवारो को परानि 1996 के नियम 158 के तहत भूखण्ड आवंटन के अस्थाई निर्णय नियम 147 के क्रम में आपतियां आमंत्रित करने की मियाद 30 दिवस नोटिस/सूचना प्रसारित की जाती है यदि किसी को कोई आपति हो तो अन्दर मियाद कार्यालय ग्राम पंचायत बिचून में लिखित में आपति प्रस्तुत कर सकते है बाद मियाद दर्ज आपतियों पर कोई विचार नही किया जायेगा ''सूचित रहें''

क्र.स	प्रार्थी का नाम मय पिता/पति	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड का क्षैत्रफल
1	सकिला पत्नि कालू खांन	E-5	53.33 वर्गगज
2.	शरीफ मोहम्मद पुत्र बोदू स्याह	L-10	90 वर्गगज
3.	इकबाल खांन पुत्र मदन स्याह	E-4	53.33 वर्गगज
4	इकराम शेख पुत्र मुमताज अली	67	150 वर्गगज
5	इमरान खांन पुत्र महबूब अली	E-3	53.33 वर्गगज
6	टीपू सुल्तान पुत्र रोशन स्याह	E-1	61.75 वर्गगज
7	अहसान अली पुत्र नबी स्याह	E-2	53.33 वर्गगज
8	ममता देवी पत्नि प्रकाश हरीजन	E-11	53.33 वर्गगज
9	रतन लाल पुत्र बाबूलाल हरीजन	E-10	53.33 वर्गगज
10	कैलाश चन्द पुत्र भागचन्द हरीजन	E-12	50.51 वर्गगज
11	सुनील पुत्र नाथू हरीजन	E-6	53.33 वर्गगज
12	कमला पत्नि गोपाल हरीजन	L-2	74.62 वर्गगज
13	त्रिलोक चन्द पुत्र शंकर लाल हरीजन	137-A	69.41 वर्गगज
14	सुमन पत्नि नरेन्द्र हरीजन	137-B	75 वर्गगज
15	कमलेश पुत्र हजारी लाल मीणा	113	150 वर्गगज
16	रमेश चन्द पुत्र गिरधारी मीणा	120	190.08 वर्गगज
17	कमला देवी पत्नि सीताराम मीणा	01	141.83 वर्गगज
18	दिनेश कुमार पुत्र रामलाल मीणा	22	150 वर्गगज
19	आशीष मीणा पुत्र चन्दालाल मीणा	115	150 वर्गगज
20	नाथू सिंह मीणा पुत्र देवी लाल मीणा	54	150 वर्गगज
21	हरकेश मीणा पुत्र बनवारी लाल मीणा	86	150 वर्गगज
22	रामलाल पुत्र किशन बैरवा	L-9	90 वर्गगज
23	लक्ष्मीनारायण पुत्र ताराचन्द खटीक	143	150 वर्गगज
24	निर्मल पुत्र मालचन्द परेवा	140	150 वर्गगज
25	कन्हैयालाल खटीक पुत्र प्रभू दयाल	112	150 वर्गगज
26	अमरचन्द पुत्र भंवर लाल वर्मा	21	150 वर्गगज
27	हरकेश पुत्र जगनाथ कुमावत	57	144.63 वर्गगज
28	मेना देवी पत्नि हरीप्रसाद जांगिड	63	150 वर्गगज
29	रामबाबू पुत्र बजरंग लाल दर्जी	130	150 वर्गगज
30	जोरावर सिंह पुत्र छोटू सिंह दरोगा	133	150 वर्गगज
31	मोहन सिंह पुत्र छोटू सिंह दरोगा	132	150 वर्गगज
32	नरेन्द्र सिंह पुत्र मदन सिंह दरोगा	139	150 वर्गगज
33	महेन्द्र कुमार पुत्र शिवजीराम	142	150 वर्गगज
34	गणेश पुत्र भागीरथ	44	150 वर्गगज
35	रामजीलाल पुत्र रामविलास दर्जी	141	150 वर्गगज
36	संगीता पत्नि विमलेश सैन	73	150 वर्गगज
37	कमलेश पुत्र अरविन्द कानोडिया	64	150 वर्गगज
38	रतन लाल पुत्र रामदेव रैगर	94-A	69.63 वर्गगज
39	विनोद कुमार पुत्र श्रवण लाल रैगर	94-B	75 वर्गगज
40	कन्हैयालाल पुत्र बजरंग रैगर	97	150 वर्गगज
41	हनुमान प्रसाद पुत्र लक्ष्मण रैगर	70-A	69.63 वर्गगज
42	पूरणमल पुत्र रामधन रैगर	70-B	75 वर्गगज
43	रमेश कुमार पुत्र गंगाराम रैगर	127-A	63.52 वर्गगज
44	सरोज पत्नि बनवारी लाल रैगर	127-B	70 वर्गगज
45	राजेन्द्र कुमार पुत्र ओकार मल रैगर	90-A	69.63 वर्गगज
46	किशनमल पुत्र कल्याण रैगर	90-B	75 वर्गगज
47	प्रहलाद मीणा पुत्र रामस्वरूप मीणा	121-A	120.69 वर्गगज
48	पूजा मीणा पत्नि मोती सिंह मीणा	121-B	100 वर्गगज
49	सीताराम पुत्र छीतरमल प्रजापत	55	150 वर्गगज
50	भोजराज पुत्र सतीश कुमार	101	150 वर्गगज
51	विजय कवंर पत्नि शम्भू सिंह गहलोत	74	150 वर्गगज
52	कृष्णा देवी पत्नि रामजीलाल खाती	20	150 वर्गगज
53	बसन्ती देवी पत्नि रमेश चन्द मन्डोलिया	69-A	69.63 वर्गगज
54	हेमलता पत्नि संजय कुमार सुकरिया	69-B	75 वर्गगज
55	रमेश पुत्र श्रवण बलाई	76-A	69.63 वर्गगज
56	रामलाल पुत्र हनुमान बलाई	76-B	75 वर्गगज
57	प्रदीप राणा पुत्र राजकुमार राणा	138-A	69.63 वर्गगज
58	प्रेमप्रकाश पुत्र नाथूलाल रैगर	138-B	75 वर्गगज
59	यशपाल पुत्र हरदयाल	03	110 वर्गगज
60	अजयपाल पुत्र हरदयाल	04	110 वर्गगज
61	गिरीराज पुत्र ताराचन्द रैगर	93	150 वर्गगज
62	दोलत कुमार पुत्र मांगीलाल सुकरिया	92	150 वर्गगज
63	भोला पुत्र शंकर सुकरिया	91	150 वर्गगज
64	मुकेश पुत्र भैरूराम गोस्वामी	L-11	90 वर्गगज
65	अशोक पुत्र ओकार	E-8	53.33 वर्गगज
66	हरीशंकर पुत्र पूरणमल रैगर	E-9	53.33 वर्गगज
67	कैलाश चन्द पुत्र गोविन्द राम रैगर	E-7	53.37 वर्गगज
68	विकास पुत्र दीनदयाल	28	150 वर्गगज
69	योगेश पुत्र दीनदयाल	29	150 वर्गगज
70	मदन लाल पुत्र रामू मीणा	23	144.93 वर्गगज
71	कमलेश पुत्र भंवरलाल कुम्हार	75	150 वर्गगज
72	रामजीलाल पुत्र भंवरलाल माली	11	189.78 वर्गगज
73	सरोज पत्नि विमलेश पारीक	77	150 वर्गगज
74	कैलाश पुत्र झूथा लाल कुम्हार	25	144.63 वर्गगज
75	मुकेश पुत्र छोंटू लाल कुम्हार	18	150 वर्गगज
76	गोपाल पुत्र प्रकाश प्रजापत	19	150 वर्गगज
77	मंजू पत्नि कैलाश चन्द बागडा	58-A	69.63 वर्गगज
78	राजू पुत्र सुरजमल बागडा	58-B	75 वर्गगज
79	आशा पत्नि गजानन्द जांगिउ	16-A	69.63 वर्ग्रज
80	रेखा पत्नि नन्दलाल जांगिड	16-B	75 वर्गगज
81	भवरी पत्नि रमनारायण कुमावत	99-A	69.63 वर्गगज
82	मंजू पत्नि भंवरलाल माली	99-B	75 वर्गगज
83	लाली देवी पत्नि हनुमान सिंह जाट	60	150 वर्गगज
84	रोहित गुप्ता पुत्र रमेश चन्द गुप्ता	26	150 वर्गगज
85	भवानी सिंह पुत्र रघुवीर सिंह राणा	17	150 वर्गगज
86	गोपाल लाल पुत्र गोगाराम प्रजापत	9-A	112.64 वर्गगज
87	लाली देवी पत्नि श्रवण लाल कुम्हार	9-B	115 वर्गगज
88	आशा पत्नि नेमीचन्द खाती	109-A	69.63 वर्गगज
89	अनिल पुत्र रामकिशन खाती	109-B	75 वर्गगज
90	शेर सिंह पुत्र सीताराम गोड	97	150 वर्गगज
91	शिवरतन पुत्र सत्यनारायण	62	150 वर्गगज
92	नरेन्द्र पुत्र सीताराम दरोगा	98	150 वर्गगज
93	भरत पुत्र दूलीचन्द परेवा	100-A	69.63 वर्गगज
94	भरत पुत्र तुलसीराम खटीक	100-B	75 वर्गगज
95	राजेश पुत्र गोरधन खटीक	104-B	75 वर्गगज
96	रणजीत धाभाई पुत्र प्रभात धाभाई	104-A	69.63 वर्गगज
97	अरूणा कवंर पत्नि रणवीर सिंह	124	170.36 वर्गगज
98	पिंकी पत्नि दिनेश कुमार बलाई	125	196.14 वर्गगज
99	गिरराज पुत्र रामलाल मीणा	129	138.58 वर्गगज
100	रेखा पुत्री मोहन लाल शर्मा	51-A	69.63 वर्गगज
101	रीना पुत्री मोहनलाल शर्मा	51-B	75 वर्गगज

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बिचून
पंचायत समिति मोजमाबाद

प्रशासक
ग्राम पंचायत बिचून
पंचायत समिति मोजमाबाद

कार्यालय ग्राम पंचायत बिचून

पंचायत समिति मौजमाबाद, जिला जयपुर (राज.)

क्रमांक : 201 दिनांक : 14.10.2025

खुली बोली नीलामी सूचना

एततद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिचून पंचायत समिति मोजमाबाद के ग्राम बिचून में सुभाष कोलोनी के दक्षिण दिशा में खसरा नं. 571 गै0मु0 आबादी की पटटी की खुली नीलामी बोली पंचायत भवन बिचून में दिनांक 30.10.2025 गुरूवार को प्रातः 11 बजे से की जानी है जिसका विवरण एवं शर्ते निम्नानुसार हैः–

ख.न. 571 गै0मु आबादी बिचून की पटटी का विवरण–

क्र.स	पटटी सं.	पटटी का साईज	क्षैत्रफल	पटटी का स्थान
1	01	10X60	66.67 वर्गगज	सुभाष कोलोनी, बिचून के दक्षिण में नदी के पास
2	02	10X60	66.67 वर्गगज	सुभाष कोलोनी, बिचून के दक्षिण में नदी के पास
3.	03	10X60	66.67 वर्गगज	सुभाष कोलोनी, बिचून के दक्षिण में नदी के पास

शर्ते :–

1. इच्छुक बोलीदाता ग्राम पंचायत बिचून के नाम 10,000/– अक्षरे दस हजार रूपयें धरोहर राशी की डी.डी दिनांक 30.10.2025 को 12 बजें तक जमा करवाकर खुली नीलामी बोली में भाग ले सकेगा।
2. नीलामी बोली में सरकारी बोली पटटी 100132/– रूपयें अक्षरे एक लाख एक सौ बतीस रूपये से होगी।
3. उच्चतम बोली की राशि का 25 प्रतिशत एक मुश्त बोली समाप्ति पर तत्काल जमा करानी होगी।
4. न्यायालय क्षैत्राधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
5. अन्तिम निर्णय कमेटी का होगा।
6. अन्य जानकारी हेतु कार्यालय में सम्पर्क करना होगा।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बिचून
पंचायत समिति मोजमाबाद

प्रशासक
ग्राम पंचायत बिचून
पंचायत समिति मोजमाबाद

राजस्थान मंडपम् व यूनिटी मॉल के खिलाफ दायर पी.आई.एल. सुप्रीम कोर्ट में खारिज

शीर्ष अदालत ने कहा कि, "जयपुर की यह विवादित भूमि, वन भूमि नहीं है और आवेदन में कोई औचित्य नहीं पाया गया है"

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। सुप्रीम कोर्ट ने जयपुर में राज्य सरकार की दो योजनाओं राजस्थान मंडपम व यूनिटी मॉल के निर्माण रोकने और इस जमीन को वन भूमि घोषित करने के लिए दायर पीआईएल को खारिज कर दिया।

सीजेआई बी.आर.गवई व जस्टिस के. विनोद चन्द्रन ने यह आदेश टी.एन. गोदावर्मन मामले में दायर एक पीआईएल पर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विवादित भूमि वन भूमि नहीं है और आवेदन में कोई औचित्य नहीं पाया गया है।

याचिका इस आधार पर दायर की गई थी कि जयपुर की सांगानेर तहसील स्थित डोल का बाड़ क्षेत्र में इन परियोजना की जमीन वन भूमि है, और ऐसे में इसे वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत संरक्षण दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही यहां पर इन परियोजनाओं के निर्माण पर पाबंदी लगाई जाए।

जवाब में राज्य सरकार व रीको की ओर से एएजी शिवमंगल शर्मा ने कहा कि संबंधित भूमि 1979 में औद्योगिक प्रयोजन के लिए अधिग्रहित की गई थी। इसकी वैधता को सुप्रीम कोर्ट तक तय किया जा चुका है। यह भूमि 1991, 2011 और 2025 के मास्टर प्लान में औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अंकित है। इन परियोजनाओं को रोकने के लिए एक समूह के लोग बार-बार याचिकाएं दायर कर रहे हैं। ऐसी याचिकाएं पूर्व में भी एनजीटी व राजस्थान हाईकोर्ट में भी दायर हो चुकी हैं।

इन याचिकाओं को हाईकोर्ट ने खारिज कर तथ्य छिपाने पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। राज्य सरकार ने परियोजना वाली जगह पर कोई पेड़ नहीं काटे हैं और केवल 56 पेड़ों को ही मंजूरी लेकर प्रत्यारोपित किया है।

वहीं उनकी संख्या से 10 गुना अधिक पौधे वृक्षारोपण के तौर पर लगाए हैं। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने याचिका को खारिज कर दिया है।

ज्ञात रहे कि यूनिटी मॉल, जो प्रधानमंत्री की वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट पहल का हिस्सा है, तथा राजस्थान मंडपम, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, आईटी टॉवर, फाइव स्टार और फोर स्टार होटल्स तथा रिहायशी टावर्स - ये सभी परियोजनाएं राज्य मंत्रिमंडल द्वारा 95 एकड़ रीको भूमि पर अनुमोदित की गई है।

- **ज्ञात रहे कि यूनिटी मॉल, जो प्रधानमंत्री की वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट पहल का हिस्सा है, तथा राजस्थान मंडपम, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, आईटी टॉवर, फाइव स्टार और फोर स्टार होटल्स तथा रिहायशी टावर्स - ये सभी परियोजनाएं राज्य मंत्रिमंडल द्वारा 95 एकड़ रीको भूमि पर अनुमोदित की गई हैं।**

'कागजों में नहीं धरातल पर काम चाहिए, स्कूलों की मरम्मत का निरीक्षण स्वतंत्र बॉडी से भी हो'

- **राजस्थान में जर्जर स्कूलों के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने 31 अक्टूबर तक राज्य सरकार को विस्तृत कार्य योजना पेश करने के आदेश दिए**
- **अदालत ने यह आदेश झालावाड़ में स्कूल बिल्डिंग गिरने से विद्यार्थियों की मौत के बाद प्रकरण में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए**

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश की जर्जर स्कूलों को लेकर कहा है कि उन्हें कागजों में काम नहीं चाहिए, बल्कि काम धरातल पर दिखना चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने स्कूलों में कराए जा रहे रिपेयरिंग के काम का निरीक्षण स्वतंत्र बॉडी से कराने की मंशा जताते हुए न्यायमित्र सहित सभी पक्षों को इसके लिए नाम सुझाने को कहा है। वहीं अदालत ने 31 अक्टूबर तक राज्य सरकार को प्रकरण में विस्तृत योजना पेश करने को कहा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने यह आदेश झालावाड़ में स्कूल बिल्डिंग गिरने से विद्यार्थियों की मौत के बाद प्रकरण में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने शपथ पत्र के जरिए जर्जर स्कूलों की मरम्मत को लेकर अदालत में जानकारी दी। महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अधिक जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए पांच लाख रुपए का बजट तय किया गया है और आगामी मार्च माह तक काम पूरा कर लिया जाएगा। वहीं शेष स्कूलों में मरम्मत का काम नवंबर, 2026 तक पूरा कर लेंगे। अदालत ने कहा कि 5 लाख रुपए में मरम्मत कैसे होगी, लाखों रुपए तो रंग-रोगन में ही लग जाते हैं। ऐसा लगता है कि बिना परीक्षण किए सतही तौर पर यह राशि तय की गई है। इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि जरूरत पड़ेगी तो और बजट जारी किया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों के लिए कुल बजट का 11.46 फीसदी बजट स्वीकृत किया गया है। अदालत ने मरम्मत के काम के निरीक्षण का काम स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मंशा जताते हुए कहा कि ठेकेदार की गलती से घटनाएं होती हैं। ऐसे में पीडब्ल्यूडी से निरीक्षण कराने के बजाए स्वतंत्र एजेंसी से कराया जाना चाहिए। अदालत ने महाधिवक्ता को कहा कि आप काम करने की बात कह रहे हैं, लेकिन धरातल पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा। आज भी टीन शेड के नीचे स्कूल संचालित हो रहे हैं। सभी जिलों की स्कूलों की ग्रेडिंग तय हो ताकि, काम को लेकर प्राथमिकता तय हो सके। इस पर अदालत ने कहा कि फिलहाल फोकस सुरक्षा को लेकर है। अदालत मामले की मॉनिटरिंग कर रहा है। वहीं स्वतंत्र संस्था से रिपेयरिंग का निरीक्षण स्वतंत्र एजेंसी से कराने के संबंध में सरकार से निर्देश लेने पड़ेंगे। एजी ने कहा कि नवंबर माह में केन्द्र सरकार से भी पैसा जारी होगा और उन्हें रोडमैप पेश करने के लिए समय दिया जाए। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई 31 अक्टूबर को तय करते हुए सभी पक्षों को स्वतंत्र एजेंसी का नाम सुझाने को कहा है।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद

सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर दूरभाष नं. 0141-2744283

क्रमांक :- F.8/KIUG-2025/Synthetic Track /Raj-Kaj Ref.18293941 दिनांक :- 13/10/2025

निविदा सूचना संख्या 56/2025-26

राजस्थान में आयोजित होने वाले खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2025 के आयोजन हेतु सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर स्थित सिन्थेटिक एथलेटिक ट्रेक पर विविध कार्यों के लिए राज्य/केन्द्र सरकार के संगठनों/विभागों में पंजीकृत संवेदकों से ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित अन्य आवश्यक विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व www.rssc.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.: RSC2526WSOB00058

राज.संवाद/सी/25/12177 सचिव

दीपोत्सव की तैयारियां परवान पर

जयपुर। सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में पंच दिवसीय दीपोत्सव की तैयारियां परवान पर है।

शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में श्री सरस निकुंज परिसर को सजाया जा रहा है। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि दीपोत्सव से पूर्व 17 अक्टूबर को रमा एकादशी पर श्री ठाकुर श्री राधा सरस विहारी जी सरकार की नित्य सेवा के साथ विशेष मनोरथ रूपी भाव सेवा के दर्शन सुबह 10 बजे श्रृंगार आरती के साथ कराए जाएंगे।

खोया पाया

मेरा Flat No.-9/GH/L/4/8 (f-f) अलकनंदा अपार्टमेन्ट, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल Seven Day's Latter कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें- 9929606767

कार्यालय उप आवासन आयुक्तवृत्त- प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक : 7659 **आवश्यक सूचना** दि. 08.10.25

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/ फ्लैट संख्या 192/157 अल्प आय वर्ग का आवंटन श्री पृथ्वी सिंह राठौड़ पुत्र स्व. श्री अमर सिंह राठौड़ को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4487 दिनांक 30.11.2004 को जारी किया गया था। श्री पृथ्वी सिंह राठौड़ के द्वारा दिनांक 12.07.2004 को श्री पुरुषोत्तम सोनी पुत्र श्री पेसुमल सोनी को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। मुख्त्यारआम धारक श्री पुरुषोत्तम सोनी द्वारा श्री पृथ्वी सिंह राठौड़ के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 25.07.2008 को उप पंजीयक सांगानेर- प्रथम जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। पुनः श्री पृथ्वी सिंह राठौड़ के द्वारा दिनांक 09.02.2009 को श्री पुरुषोत्तम सोनी पुत्र श्री पेसुमल सोनी को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री पुरुषोत्तम सोनी द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से दिनांक 05.03.2009 को श्री जितेन्द्र कुमार बंसल पुत्र श्री बाबूलाल बंसल के नाम उप पंजीयक सांगानेर- प्रथम जयपुर में विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्री जितेन्द्र कुमार बंसल द्वारा उक्त आवास को दिनांक 24.09.2025 को श्री मुकेश कुमार मंगल पुत्र श्री रमेश चन्द्र मंगल को विक्रय कर उनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक, सांगानेर- प्रथम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/ क्रेती श्री मुकेश कुमार मंगल पुत्र श्री रमेश चन्द्र मंगल द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री मुकेश कुमार मंगल पुत्र श्री रमेश चन्द्र मंगल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त- प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को मेरी अभिभाष्या बृजबाला पत्नी शिवप्रसाद पुत्री रामस्वरूप जाति पुरोहित निवासी गठाला कॉलोनी, शिवमंदिर के पास, बगरू, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या को स्व. पिता रामस्वरूप पारीक से उपहार के रूप मे ग्राम बगरू, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर मे स्थित खसरा नं. 3787, 3788/8070, 3849, 3856, 3857, 3858, 3859, 3860, 3861, 3862, 3863, 3864, 3865, 3866, 3867, 3868, 3869, 3870, 3871, 3872/8071, कुल किता 20 का कुल रकबा 7.6300 हैक्टेयर भूमि प्राप्त हुई थी, जिसका स्वामित्व मेरी अभिभाष्या के पास ही था,, मेरी अभिभाष्या ने अपने पति शिवप्रसाद पुत्र रायकरण निवासी गठाला कॉलोनी, शिव मंदिर के पास, ग्राम बगरू, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर को उपरोक्त आराजियात के संबंध मे मुख्त्यारआम नियुक्त कर उसके पक्ष मे एक मुख्त्यारनामा खास दिनांक 10.09.2025 को 500/- रूपये के स्टाम्प पेपर व तीन अन्य पेपरो पर तहरीर व तकमील कर निष्पादित किया गया था, जिसको मेरी अभिभाष्या ने दिनांक 02.10.2025 को निरस्त करवा दिया था, जिसकी जानकारी मेरी अभिभाष्या के पति शिवप्रसाद पारीक को भी है, मेरी अभिभाष्या द्वारा उक्त आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि शिवप्रसाद पारीक के द्वारा उपरोक्त आराजी का विक्रय बंधक, दान, पट्टा इत्यादि के माध्यम से किसी भी प्रकार का संव्यवहार किया जाता है तो वह शून्य, व अवैध होगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

दिनांक:15/10/25 जी.एल.जाट (एडवोकेट) मो. 9214670780

आम सूचना सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्यगण जो कि मेरे अभिभाष्यगण मालीराम पुत्र स्व. श्री कालू निवासी ग्राम जालसू तहसील जालसू जिला जयपुर गीता देवी पत्नी स्व. दुर्गालाल जाति मीणा पवन कुमार पुत्र स्व. श्री दुर्गालाल, महावीर प्रसाद पुत्र स्व. श्री दुर्गालाल, रेखा पुत्री स्व. श्री दुर्गालाल, बिदामी देवी पत्नी स्व. श्री देवीलाल निवासी ग्राम सिरसी राधाकिशनपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर पूजा पुत्री स्व. श्री दुर्गालाल पत्नी अशोक कुमार हाल निवासी ग्राम रूण्डल, तहसील आमेर जिला जयपुर सावित्री पुत्री स्व. श्री देवीलाल पत्नी ओम प्रकाश तारामती पुत्री स्व. श्री देवीलाल पत्नी रमेश कुमार मीणा निवासी ग्राम धवली, तहसील शाहपुरा, जिला जयपुर के निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण की खातेदारी भूमि ग्राम जालसू तहसील जालसू जिला जयपुर में स्थित खसरा नं. 72, 73, 74, 94/476, 94/538 कुल किता 5 का कुल रकबा 1.60 हैक्टेयर व हाल खसरा नं. 75, 77, 78, 93, 94, 94/476/539, 95/529, 98/551 कुल किता 9 का कुल रकबा 1.93 हैक्टेयर भूमि स्थित है जिसके संबंध में एक मुख्त्यारनामा आम दिनांक 28.12.2024 को मेरे अभिभाष्यगण व इनके पूर्वज दुर्गालाल द्वारा महेश कुमार मीणा पुत्र सरदार सिंह मीणा, निवासी ग्राम दांतारामगढ जिला सीकर के हक में निष्पादित किया गया था जिसको मेरे अभिभाष्यगण द्वारा दिनांक 14.10.2025 को महेश कुमार को जरिये विधिक नोटिस प्रेषित कर निरस्त करवा दिया था। मेरे अभिभाष्यगण द्वारा उक्त आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि महेश कुमार मीणा के द्वारा उपरोक्त आराजी का विक्रय बंधक, दान, पट्टा इत्यादि के माध्यम से किसी भी प्रकार का संव्यवहार किया जाता है तो वह शून्य व अवैध होगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

दिनांक:15/10/25 जी.एल.जाट (एडवोकेट) मो. 9214670780

आम सूचना सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्यगण जो कि मेरे अभिभाष्यगण मालीराम पुत्र स्व0 श्री कालू, निवासी ग्राम जालसू, तहसील जालसू, जिला जयपुर, गीता देवी पत्नी स्व0 दुर्गालाल जाति मीणा, पवन कुमार पुत्र स्व0 श्री दुर्गालाल, महावीर प्रसाद पुत्र स्व0 श्री दुर्गालाल, रेखा पुत्री स्व0 श्री दुर्गालाल, बिदामी देवी पत्नी स्व0 श्री देवीलाल निवासी ग्राम सिरसी राधाकिशनपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर, पूजा पुत्री स्व0 श्री दुर्गालाल पत्नी अशोक कुमार हाल निवासी ग्राम रूण्डल, तहसील आमेर, जिला जयपुर, सावित्री पुत्री स्व0 श्री देवीलाल पत्नी ओमप्रकाश, तारामती पुत्री स्व0 श्री देवीलाल पत्नी रमेश कुमार मीणा निवासी ग्राम धवली, तहसील शाहपुरा, जिला जयपुर के निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण की खातेदारी भूमि ग्राम जालसू, तहसील जालसू, जिला जयपुर में स्थित खसरा नं. 72, 73, 74, 94/476, 94/538 कुल किता 5 का कुल रकबा 1.60 हैक्टेयर व हाल खसरा नं. 75, 77, 78, 93, 94, 94/476/539, 95/529, 98/551 कुल किता 9 का कुल रकबा 1.93 हैक्टेयर भूमि स्थित है जिसके संबंध में एक अनुबंध पत्र दिनांक 28.12.2024 को मेरे अभिभाष्यगण व इनके पूर्वज दुर्गालाल द्वारा महेश कुमार मीणा पुत्र सरदार सिंह मीणा, निवासी ग्राम दांतारामगढ, जिला सीकर, रामजीलाल मीणा पुत्र श्री रामेश्वर लाल मीणा, निवासी ग्राम मुनावता, तहसील आमेर, जिला जयपुर, राहुल मीणा पुत्र सुभाष कुमार मीणा, निवासी ग्राम जाखल, तहसील नवलगढ जिला झुंझुनूं के हक में निष्पादित किया गया था, जिसको मेरे अभिभाष्यगण द्वारा दिनांक 14.10.2025 को महेश कुमार, रामजीलाल मीणा व राहुल मीणा को जरिये विधिक नोटिस प्रेषित कर निरस्त करवा दिया था, मेरे अभिभाष्यगण द्वारा उक्त आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि महेश कुमार मीणा के द्वारा उपरोक्त आराजी का विक्रय बंधक, दान, पट्टा इत्यादि के माध्यम से किसी भी प्रकार का संव्यवहार उक्त अनुबंध पत्र दिनांक 28.12.2024 के द्वारा किया जाता है तो वह शून्य, व अवैध होगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

दिनांक:15/10/25 जी.एल.जाट (एडवोकेट) मो.-9214670780

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

"विकसित राजस्थान 2047" के विजन डॉक्यूमेंट पर काम कर रही भजनलाल सरकार

- **वर्ष 2047 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था 4.3 ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य**

जयपुर (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "विकसित भारत 2047" के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भी "विकसित राजस्थान 2047" विज़न डॉक्यूमेंट तैयार किया है। इसमें प्रदेश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भजनलाल सरकार गरीब, युवा, महिला और किसानों के सशक्तीकरण को केन्द्र में रखते हुए इस विजन डॉक्यूमेंट के मुताबिक काम कर ही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बने इस विज़न डॉक्यूमेंट में राजस्थान में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल प्रबंधन, शहरी विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में विकास के लिए लक्ष्य तय किये गए हैं। इनके अनुरूप प्रदेश में शत–प्रतिशत साक्षरता, कौशल आधारित शिक्षा, सुलभ एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, जलवायु अनुकूल–जल प्रबंधन, स्मार्ट शहरीकरण और किफायती आवास सुनिश्चित किए जाएंगें। साथ ही, महिलाओं और युवाओं को कौशल, उद्यमिता एवं नेतृत्व के अवसर प्रदान कर उनकी राज्य के विकास यात्रा में भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

यह विजन चार प्रमुख थीम और 13 सेक्टर्स पर आधारित है। पहली थीम जनकल्याण और सामाजिक सशक्तीकरण है, जिसमें कृषि–खाद्य प्रणाली, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक समावेशन जैसे आयाम शामिल हैं। दूसरी थीम त्वरित विकास, समृद्धि और रोजगार सृजन पर केंद्रित है, जिसके अंतर्गत औद्योगिक, खनन और पर्यटन क्षेत्रों में नई संभावनाएं विकसित की जा रही हैं। तीसरी थीम भविष्य उन्मुख राजस्थान की है, जिसमें आधारभूत अवसंरचना, जल सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थायित्व और जलवायु अनुकूलता को प्राथमिकता दी गई है। चौथी थीम संवर्धक नीति, वित्त और शासन की है, जो ग्रामीण व शहरी विकास, प्रभावी शासन, डिजिटल सेवाओं और वित्तीय प्रबंधन को मजबूत करने पर केंद्रित है।

राज्य सरकार ने वर्ष 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस विजन डॉक्यूमेंट में वर्ष 2047 तक कृषि क्षेत्र में जलवायु अनुकूल और तकनीक आधारित खेती के माध्यम से उत्पादकता में 40 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। हर नागरिक को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में लाने, मातृ मृत्यु दर को 15 तक लाने, शिशु मृत्यु दर को प्रति हजार जीवित जन्मों पर 10 से कम करने और जीवन प्रत्याशा को 77 वर्ष तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है। विजन डॉक्यूमेन्ट के अनुसार औद्योगिक विकास के माध्यम से राज्य में एक करोड़ से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। महिलाओं की कार्यबल भागीदारी 60 प्रतिशत से अधिक करने का संकल्प लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा निर्यात को भी पांच गुना बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

ऊर्जा क्षेत्र को 33 गीगावाट से बढ़ाकर 290 गीगावाट करने का लक्ष्य है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में तैयार यह विज़न डॉक्यूमेंट राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन द्वारा नीति आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप तैयार किया है, जिसे राज्य मंत्रिमंडल ने 23 अगस्त को अनुमोदित किया था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी13 अक्टूबर को विकसित राजस्थान–2047 की कार्ययोजना विमोचन किया।

प्रसारण निगम का नया पेंशन पोर्टल शुरू

जयपुर। राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम ने पेंशनधारी कर्मचारियों के लिए एक नया ऑनलाइन पेंशन पोर्टल शुरू किया है। अब पेंशन से जुड़ी जानकारी या दस्तावेजों के लिए कर्मचारियों को अब दफ्तर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, वे घर बैठे ही पेंशन सम्बन्धी सेवायें ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे।प्रसारण निगम के प्रबन्ध निदेशक श्री सिद्धार्थ सिहाग ने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से पेंशनधारी कर्मचारी जीवित प्रमाण पत्र, पेंशन से जुड़ी रिपोर्ट, आदेश और भुगतान की जानकारी आसानी से ऑनलाइन देख व डाउनलोड कर सकेंगे।

कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज
सोफिया स्कूल के सामने, घाटगेट जयपुर

क्रमांक : एफ-52 / DC / KPZ / 2025 / 638 दिनांक : 15.10.2025

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

श्री राहुल लख्यानी पुत्र श्री लक्ष्मण लख्यानी मकान नम्बर 489, गोविन्द राय जी का रास्ता, चांदपोल बाजार जयपुर ने किशनपोल जोन में उक्त भवन का पट्टे हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भवन के संबंध में आवेदनकर्ता द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्रों की प्रमाणित फोटो प्रतियां प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का पट्टा चाहा है। इस संबंध में किसी संस्था अथवा अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय दस्तावेज प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि के समाप्ति के बाद, नियमानुसार पट्टे की कार्यवाही की जावेगी। उपायुक्त, किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज

नाम परिवर्तन

मैं मुकेश कुमार नायक पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद नायक मेरे शैक्षिणक दस्तावेज में भूलवस मुकेश कुमार दर्ज हो गया जो गलत है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मुकेश कुमार नायक पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद नायक है जो सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें।

मै सागर फौजदार पुत्र श्री विष्णु चौधरी निवासी 77-78 मंगल विहार, पोल्ट्री फार्म के पीछे, आगरा रोड, जामडोली जयपुर यह कि मेरे पासपोर्ट में सागर फौजदार (SAGAR FOUZDAR) गलत दर्ज है मेरा सही नाम सागर फौजदार(SAGAR FOUJDAR) है तथा भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

मै विष्णु चौधरी पुत्र श्री रूपन सिंह निवासी 77- 78, मंगल विहार पोल्ट्री फार्म के पीछे आगरा रोड जामडोली जयपुर, मेरे पुत्र के पासपोर्ट में मेरा नाम विष्णु कुमार दर्ज है जो गलत है सही नाम विष्णु चौधरी है तथा मुझे इस नाम से जाना जाता है

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय माननीय नवसृजित किराना अधिकरण, जयपुर महानगर (प्रथम) जयपुर
मुकुट बिहारी व अन्य विरुद्ध अवध बिहारी व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र CMC
प्रार्थना-पत्र संख्या - 96 सन् 2025

नाम (1) श्री अवध बिहारी शर्मा पुत्र स्व. मदन लाल शर्मा पता चौरडिया पैट्रोल पम्प के सामने, शराब की दुकान के उपर, सांगानेर, जयपुर (2) हरिशंकर गोस्वामी पुत्र शंकरगिरी गोस्वामी पता 25-क-4 ज्योति नगर, हाऊसिंग बोर्ड, जयपुर व डी-616, मालवीय नगर, जयपुर

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है। अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 13 माह 11 सन् 2025 को 10.30 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज दिनांक 15 माह 10 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय कीमुद्रा लगाकर दी गई।

आज्ञा से-रीडर
अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-5 एवं किराया अधिकरण द्वितीय जयपुर महानगर प्रथम
मोहर अदालत

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 300/2025
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम आकाश शर्मा पुत्र स्व. संतोष कुमार शर्मा जाति... विवाद स्थान निवासी प्लाट संख्या बी-403, विजय अपार्टमेंट इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी चौरडिया सिटी, पुलिस थाना भांकरोटा, जयपुर मृतक कल्पना शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 3.11.25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम कल्पना शर्मा पत्नी संतोष कुमार शर्मा जाति शर्मा निवासी 52-ए, आदर्श कॉलोनी, शांति नगर हटवाडा रोड, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 03 माह 11 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 13 माह 10 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

आज्ञा से
जिला एवं सैशन न्यायालय जयपुर महानगर द्वितीय
मोहर अदालत

प्ररूप-10 (नियम 6(7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर पालिका मण्डल, देवली (टोंक) राज.

क्रमांक- न.पा.दे./कृषि भूमि/2025-26/ **लोक सूचना** दिनांक-

आदर्श इण्डियन पब्लिक स्कूल शिक्षा समिति, देवली जरिये सचिव श्री मोहित मंगल पुत्र श्री सीताराम मंगल, निवासी पटेलनगर देवली, जिला टोंक (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	रकबा/क्षेत्र	मास्टर प्लान में दर्शित भू-उपयोग	भू-उपयोग का प्रकार
तह.देवली जिला टोंक	देवली गांव	3289	1.7600 है.	मास्टर प्लान में परिधि नियंत्रण पट्टी कृषि	परिधि नियंत्रण पट्टी कृषि से संस्थागत (शैक्षणिक प्रयोजनार्थ)

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 14.10.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपालिका देवली

कार्यालय नगर परिषद, टोंक

कंमाक :– एमसीटी/2025–26/9126 **इश्तेहार** दिनांक :– 10.10.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नाकिंत व्यक्ति द्वारा पटटा बनवाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गई है।

क0 सं0	नाम पिता/पति	कॉलोनी	साईज	भूखण्ड संख्या	पट्टे की श्रैणी
1.	बानो/बाबु खां	अम्बेडकर कॉलोनी	225 वर्गगज	01	कृषि भूमि
2.	सआदत अली/बाबू खां	हाउसिंग बोर्ड	241.99 वर्गगज	171	कृषि भूमि
3.	कन्हैया लाल महावर/पन्ना लाल महावर	तिलक नगर	100 वर्गगज	501	कृषि भूमि
4.	रूखसाना/निमामुद्दीन	अजीम कॉलोनी	66.66 वर्गगज	62–ए	कृषि भूमि
5.	श्रीमती नन्नी/स्व. श्री कमरूद्दी	रूकमणी हाउसिंग योजना	133.33 वर्गगज	394	कृषि भूमि
6.	फरजाना/मोहम्मद शकील	महावीर नगर	12.75 वर्गगज	प्लाट नं. 54 में से व्यवसायिक दुकान संख्या 06 का नियमन	कृषि भूमि
7.	हनुमान प्रसाद शर्मा/गोपाल लाल शर्मा	बृज विहार	133.33 वर्गगज	173	कृषि भूमि
8.	हनुमान प्रसाद शर्मा/गोपाल लाल शर्मा	बृज विहार	133.33 वर्गगज	172	कृषि भूमि
9.	भरतराज जाट/राम अवतार जाट	ज्योति नगर	175 वर्गगज	23	कृषि भूमि
10.	श्रीमती सन्जया देवी/राम अवतार जाट	ज्योति नगर ब्लॉक–बी	175 वर्गगज	26	कृषि भूमि
11.	विमला देवी/भगवान सैनी	सागरियां कॉलोनी	111.11 वर्गगज	14 व 15	कृषि भूमि
12.	परवीन बानो/मोहम्मद शफीक	उत्तम नगर	133.33 वर्गगज	34	कृषि भूमि
13.	परवीन बानो/मोहम्मद शफीक	उत्तम नगर	133.33 वर्गगज	39	कृषि भूमि
14.	सितारा/कमरूद्दीन	अजीम कॉलोनी	157.77 वर्गगज	76	कृषि भूमि
15.	शकूरन बी/रईस मियां	जयपुर रोड़ टोंक	240 वर्गगज	379	कृषि भूमि
16.	घांसी लाल/हजारी लाल	न्यू बृज विहार	125 वर्गगज	02	कृषि भूमि
17.	रईस अहमद/लड्डू खां	बम्बोर रोड़ टोंक	78.75 वर्गगज	70	कृषि भूमि
18.	मनोज/रामप्रकाश बैरवा	कृष्णा विहार बी	111.11 वर्गगज	08	कृषि भूमि
19.	राम अवतार साहू/भूरा लाल साहू	शिवम नगर	200 वर्गगज	06	कृषि भूमि
20.	राम अवतार साहू/भूरा लाल साहू	शिवम नगर	200 वर्गगज	05	कृषि भूमि
21.	राम अवतार साहू/भूरा लाल साहू	शिवम नगर	200 वर्गगज	04	कृषि भूमि
22.	जीवेश्वर चौधरी/त्रिलोकचन्द साहू	शिवम नगर	200 वर्गगज	07	कृषि भूमि
23.	जीवेश्वर चौधरी/त्रिलोकचन्द साहू	शिवम नगर	133.33 वर्गगज	16	कृषि भूमि
24.	जीवेश्वर चौधरी/त्रिलोकचन्द साहू	शिवम नगर	266.66 वर्गगज	15	कृषि भूमि
25.	रूकमणी साहू/चाँदमल साहू	शिवम नगर	100 वर्गगज	09	कृषि भूमि
26.	दिलीप गोयल/चन्द्र प्रकाश गोयल	शिवम नगर	100 वर्गगज	09 उत्तरी भाग का	कृषि भूमि
27.	देवकी नन्दन साहू/प्रहलाद दास साहू	शिवम नगर	200 वर्गगज	08	कृषि भूमि
28.	कुलदीप साहू/प्रहलाद दास साहू	शिवम नगर	133.33 वर्गगज	12	कृषि भूमि
29.	कुलदीप साहू/प्रहलाद दास साहू	शिवम नगर	277.77 वर्गगज	11	कृषि भूमि
30.	जीतेश कुमार साहू/प्रहलाद दास साहू	शिवम नगर	97.22 वर्गगज	19	कृषि भूमि
31.	जीतेश कुमार साहू/प्रहलाद दास साहू	शिवम नगर	111.11 वर्गगज	18	कृषि भूमि
32.	जीतेश कुमार साहू/प्रहलाद दास साहू	शिवम नगर	133.33 वर्गगज	17	कृषि भूमि
33.	जितेन्द्र साहू/राम अवतार साहू	शिवम नगर	133.33 वर्गगज	14	कृषि भूमि
34.	जितेन्द्र साहू/राम अवतार साहू	शिवम नगर	133.33 वर्गगज	13	कृषि भूमि
35.	मोहम्मद हुसेन/पीर मोहम्मद	महावीर नगर	150 वर्गगज	96	कृषि भूमि
36.	अखील भारतीय आम चोरासी च्यवन गोड ब्राहाम्ण महासभा समिति	शुभ विहार	977.77 वर्गगज	74,75,76,78,79,80,81,90,91,92,93	कृषि भूमि

यदि इस कार्य से किसी आम, खास को उज्र/आपत्ति हो तो परिषद में प्रकरण सम्बन्धित दस्तावेजात सहित 07 दिवस के भीतर–भीतर अपनी आपत्ति मय प्रकरण से सम्बन्धित दस्तावेजात सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और नियमानुसार चाहा गया पटटा जारी कर दिया जावेगा।

राज.संवाद/सी/25/12155 आयुक्त

एक अप्रैल से नवीन शैक्षिणक सत्र शुरू करने पर मंथन

जयपुर। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण उपलब्ध कराने और पढ़ाई के दिवसों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग आगामी सत्र से एक बड़ा नवाचार करने की ओर अग्रसर है। इसके तहत विभाग अगला शैक्षिक सत्र 1 अप्रैल से आरंभ करने पर विचार कर रहा है। इस बाबत शिक्षा संकुल में शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभाग के पदाधिकारियों एवं शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों से नए सत्र को एक अप्रैल से शुरू करने पर मंथन किया गया। बैठक में शासन सचिव कुणाल ने इस नवाचार के उद्देश्य बताते हुए कहा कि शैक्षिक सत्र में परिवर्तन से एनईपी 2020 के अनुरूप शिक्षण संभव होगा। इससे न केवल शिक्षण दिवसों की संख्या 180 से बढ़कर 210-220 दिवस तक हो जाएगी, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अधिक समय भी मिलेगा। इसके साथ ही सीबीएसई के शैक्षिणक कैलेंडर से एकरूपता स्थापित होने से विद्यालयों में नामांकन दर में वृद्धि की भी संभावना है। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की कथित समस्याओं को भी ध्यान पूर्वक सुना और उनके जल्द समाधान का आश्वासन दिया।



खेल जगत



विराट कोहली आईपीएल से रिटायर नहीं हो रहे हैं, विराट ने वादा किया था कि वह अपना पहला और आखिरी मैच सिर्फ बेंगलुरु के लिए ही खेलेंगे। – **मोहम्मद कैफ**

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, विराट कोहली के रिटायरमेंट को लेकर बोलते हुए।

आज का खिलाड़ी ▶ मेहदी हसन

बंगलादेश के वनडे कप्तान मेहदी हसन का मानना है कि टीम अपनी गलतियों से नहीं सीख रही है, जिसका खामियाजा उन्हें 50 ओवरों के प्रारूप में भुगतना पड़ रहा है। अफ़ग़ानिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में बंगलादेश का सफाया कर दिया, जिसमें बंगलादेश टीम की बल्लेबाजी बुरी तरह चरमरा गई। मेहदी ने कहा, ''हम हर हार से नहीं सीख रहे हैं। हम जरूरत के मुताबिक सुधार नहीं कर पा रहे हैं। हममें कुछ क्षेत्रों में जरूर कमी है, लेकिन हमें इन खिलाड़ियों के साथ आगे बढ़ना होगा।'' उन्होंने आगे कहा, ''हमारे पास (टीम के) बाहर ज़्यादा खिलाड़ी नहीं हैं।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय एथलीट विस्पी खराडी ने दुनिया में अपनी ताकर का डंका बजा दिया है। खराडी ने हरक्यूलिस पिलर को लंब समय तक अपने हाथों से होल्ड कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा दिया है।

